**Hindi- हिन्दी**

# नस्लीय समानता को प्रोत्साहित करने के लिए मौजूदा और नियोजित उपाय

## समाज कल्याण विभाग

किसी भी राष्ट्रीयता या नस्ल वाले हाँगकॉग के सभी ज़रूरतमंद निवासी सामाजिक कल्याण सेवाओं तक समान पहुँच का आनंद लेते हैं, जब तक वे पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं।

नस्लीय समानता को बढ़ावा देने के लिए समाज कल्याण विभाग (SWD) द्वारा किए गए / किए जाने वाले उपाय और विभिन्न जातियों के लोगों के लिए सामाजिक कल्याण सेवाओं तक समान पहुँच का प्रावधान नीचे दिए गए हैं ।

### A. ऐसे उपाय जो विभिन्न जातियों के लोगों को प्रासंगिक कल्याण सेवाओं तक समान पहुँच के योग्य बनाते हैं

**संबंधित सेवा यें**

- SWD ऐसे उपाय करता है जो विभिन्न जातियों के लोगों को प्रासंगिक सामाजिक कल्याण सेवाओं तक समान पहुँच के लिए सक्षम बनाता है**,** और विभिन्न जातियों के लोगों के व्यक्तिगत आँकड़ों की रक्षा करता है जो सामाजिक कल्याण सेवाओं का उपयोग करते हैं।

**मौजूदा उपाय**

विभिन्न जातियों के लोगों के आँकड़ों और जानकारियों का संदर्भ

- कल्याणकारी सेवाओं के नियोजन और कार्यान्वियन में, SWD ने जनगणना और सांख्यिकी विभाग,अन्य सरकारी विभागों और गैर-सरकारी संगठनों (NGO's) सहित विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध जातीय अल्पसंख्यकों पर आँकड़ों और सूचनाओं का संदर्भ दिया है, और विभिन्न जातियों के लोगों की सामाजिक आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए जनवरी 2019 से विभिन्न इकाईयों की व्याख्या और अनुवाद सेवाओं के उपयोग पर आधारित सांख्यिकीय आँकड़े एकत्र करना शुरू कर दिया है।

विभिन्न जातियों की भाषाओं में सेवा पत्रक

- प्रमुख सेवा पुस्तिका यें चीनी, अंग्रेज़ी और आठ अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं [1]। आसान पहुँच और संदर्भ की सुविधा के लिए उन्हें सेवा इकाईयों में रखा गया है और / या SWD के होमपेज पर अपलोड किया गया है।

[1] विभिन्न जातियों की आठ अन्य भाषायें विडेलिकेट बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, तागालोग, थाई, उर्दू और वियतनामी हैं।

SWD का होमपेज

- SWD ने SWD के होमपेज पर "विभिन्न जातियों के लोगों के लिए सूचना" पर एक शॉर्टकट आइकन बनाया है ताकि विभिन्न जातियों के लोगों, जनता, SWD और NGO के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न जातियों की भाषाओं में प्रासंगिक सेवा जानकारी तक आसान पहुँच की सुविधा मिल सके।

व्याख्या सेवा

SWD विभिन्न जातियों के लोगों को सामाजिक कल्याण सेवायें प्रदान करते हुए पर्याप्त व्याख्या सेवा की व्यवस्था करेगा। विभिन्न स्रोतों से कर्मचारी, जैसे कि कोर्ट इंटरप्रिटेशन सर्विस, हॉस्पिटल अथॉरिटी, सेंटर फॉर हार्मनी एंड एन्हांसमेंट ऑफ एथनिक माइनॉरिटी रेजिडेंट्स (CHEER) द्वारा हाँगकॉग क्रिश्चियन सर्विस के तहत प्रदान की जाने वाली व्याख्या सेवा , जिसे गृह मामलों के विभाग और अन्य NGO आदि द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

वेब-कैम सुविधायें

- SWD ने सेवा उपयोगकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं (NGO और एकीकृत परिवार सेवा केंद्रों / एकीकृत सेवा केंद्रों द्वारा संचालित विभागीय इकाईयों सहित) / सामाजिक सुरक्षा कर्मचारियों और दुभाषियों के बीच त्रिपक्षीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित करने के लिए दस सेवा इकाईयों में वेब-कैम सुविधायें प्रदान की हैं।

SWD हॉटलाइन पर पूछताछ करने वाली विभिन्न जातियों के कॉल करने वालों के लिए तत्काल टेलीफोन व्याख्या सेवा तक पहुँच।

- SWD हॉटलाइन <2343 2255> ने विभिन्न जातियों के कॉल करने वालों को विभिन्न जातियों की आठ आम भाषाओं में टेलीफोन व्याख्या सेवा तक त्वरित पहुँच प्रदान की है ताकि उनकी कल्याण सेवा पूछताछ को सुविधाजनक बनाया जा सके।

विभिन्न जातियों के लोगों को कल्याणकारी सेवायें प्रदान करने के लिए याद रखने योग्य बातें

- SWD ने सामाजिक कार्यकर्ताओं/विभागीय इकाईयों के सामाजिक सुरक्षा कर्मचारियों, एकीकृत परिवार सेवा केंद्रों/एकीकृत सेवा केंद्रों के सामाजिक कार्यकर्ताओं और गैर-सरकारी संस्थानों द्वारा संचालित युवा लोगों की सेवाओं के लिए "पॉइंट्स-टू-नोट इन प्रोवाइडिंग वेलफेयर सर्विसेज़ फॉर एथनिक माइनॉरिटीज़" (ध्यान देने योग्य बातें) जारी किए हैं ताकि विभिन्न जातियों के सेवा समूहों में सेवा इकाईयों के लिए एक संदर्भ प्रदान किया जा सके। इसमें विभिन्न जातियों के विभिन्न समूहों की सांस्कृतिक प्रथाएं और उपयुक्त व्याख्या और अनुवाद सेवाओं की व्यवस्था करने के तरीके आदि शामिल हैं। SWD ने सेवा इकाईयों को काउंटर पर काम करने वाले कर्मचारियों और पंजीकरण करने वाले कर्मचारियों के संदर्भ के लिए विभिन्न नस्लों के लोगों की ओर से व्यक्तिगत/टेलीफोन के माध्यम से पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देने के लिए पॉइंट-टू-नोट, प्रोटोकॉल और अंग्रेजी लेख का एक संक्षिप्त संस्करण भी प्रदान किया है। सेवायेंसेवायेंइकाईइकाईइकाईइकाईइकाईइकाई

" जातीय अल्पसंख्यकों के लिए सहायता और व्याख्या सेवाओं" पर सूचना

- विभिन्न जातियों के लोगों को कल्याण सहायता के साथ-साथ टेलीफोन पर व्याख्या सेवायें प्राप्त करने के लिए अपने चैनलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, SWD सेवा इकाईयों ने स्वागत क्षेत्रों में "जाति अल्पसंख्यकों के लिए सहयोग और व्याख्या सेवाओं" पर एक अधिसूचना विभिन्न जातियों की भाषाओं में पोस्ट की है, जिसका अनुवाद किया गया है।

- इसके अलावा, उक्त अधिसूचना की एक प्रति विभिन्न जातियों के लोगों को पूछताछ / सेवाओं के लिए आने पर दी जायेगी। SWD के होमपेज पर भी यह जानकारी उपलब्ध है।

सामाजिक कल्याण सेवाओं तक पहुँच के लिए गैर-भेदभावपूर्ण प्रवेश नीति

- यह सुनिश्चित करने के लिए कि सेवा उपयोगकर्ताओं को सेवा में प्रवेश करने और छोड़ने के तरीके के बारे में स्पष्ट और सटीक जानकारी है, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रवेश नीति गैर-भेदभावपूर्ण होनी चाहिए, SWD की सेवा इकाईयाँ, NGO द्वारा संचालित आर्थिक सहयोग देने का वादा की गईं सेवा इकाईयाँ और अनुबंध सेवा परिचालक प्रासंगिक सेवा अनुबंधों और करारों की आवश्यकताओं का अनुपालन करेंगे।

व्यक्तिगत आँकड़ों की सुरक्षा

- व्यक्तिगत जानकारी संग्रह कथन चीनी, अंग्रेजी और आठ जातीय भाषाओं[2] में उपलब्ध है, ताकि विभिन्न नस्लों के लोग व्यक्तिगत आँकड़ा (गोपनीयता) अध्यादेश के तहत उनके व्यक्तिगत आँकड़ों तक पहुँचने और उसे सही करने के अपने अधिकार के साथ-साथ उस उद्देश्य को बेहतर ढंग से समझ सकें जिसके लिए SWD कर्मचारी सेवाओं / सहायता माँगने पर उनके व्यक्तिगत आँकड़े एकत्र करते हैं।

विभिन्न जातियों के लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से बनाई गई सेवायें

- आउटरीचिंग टीम फ़ॉर एथनिक माइनॉरिटीज़ सक्रिय रूप से विभिन्न जातियों के लोगों तक पहुँचती है और आवश्यकताआवश्यकतामंदों को मुख्य धारा की कल्याणकारी सेवाओं से जोड़ती है।

- घरेलू हिंसा और घरेलू हिंसा के बारे में विभिन्न जातियों के लोगों को शिक्षित करने और पीड़ितों को मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सामुदायिक शिक्षा कार्यक्रम।

- विशेष आवश्यकता वाले पूर्वस्कूली जातीय अल्पसंख्यक बच्चों को प्रवेश देने वाले विशेष बाल देखभाल केंद्रों और प्रारंभिक शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्रों के लिए सब्सिडी का प्रावधान, ताकि बच्चों को उनके प्रशिक्षण, उनके माता-पिता/देखभालकर्ताओं के साथ बात-चीत का बेहतर सहयोग और/या परिवारों के लिए सामाजिक सहयोग के प्रावधान में सहायता प्रदान की जा सके। आवश्यकताओं

- विभिन्न जातियों की अधिक जनसँख्या वाले ज़िलों में स्थित विकलांग व्यक्तियों के लिए पांच माता-पिता/रिश्तेदार संसाधन केंद्रों में विभिन्न जातियों के लोगों की विशेष इकाईयाँ स्थापित करना ताकि विभिन्न जातियों के लोगों के लिए सामुदायिक सहयोग को सशक्त बनाया जा सके।

[2] विभिन्न जातीय समूहों की आठ अन्य भाषायें विडेलिकेट बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, तागालोग, थाई, उर्दू और वियतनामी हैं।

**भविष्य के काम का मूल्यांकन**

<u>विभिन्न जातियों की भाषाओं में सेवा पत्रक</u>

- SWD नियमित रूप से कर्मचारियों और सेवा उपयोगकर्ताओं से सेवा पत्रक पर प्रतिक्रिया लेना जारी रखेगा।

<u>SWD का होमपेज</u>

- SWD होमपेज पर कर्मचारियों और सेवा उपयोगकर्ताओं से नियमित प्रतिक्रिया प्राप्त करना जारी रखेगा ।

<u>समाज कल्याण सेवाओं तक पहुँच पर गैर-भेदभावपूर्ण प्रवेश नीति</u>

- SWD की सेवा इकाईयाँ, NGO के तहत आर्थिक सहयोग देने का वादा की गईं सेवा इकाईयाँ और अनुबंध सेवा इकाईयाँ निरंतर मूल्यांकन के माध्यम से गैर-भेदभावपूर्ण प्रवेश नीति के अनुपालन की निगरानी जारी रखेंगी।।

<u>नस्लीय समानता को बढ़ावा देने का(के) संकेतक</u>

- SWD नस्लीय समानता को बढ़ावा देना जारी रखेगा और इसका एक तरीका नियमित रूप से स्थापित संकेतक(संकेतकों) के लिए उपलब्धि दर(दरों) की निगरानी करना और प्रभावशीलता की समीक्षा करना है।

**अतिरिक्त किए जाने वाले उपाय**

- SWD ये काम करना जारी रखेगा –
  - प्रमुख कल्याण सेवाओं को शामिल करने वाले अन्य सेवा पत्रकों का अनुवाद और उन्हें SWD के होमपेज पर उचित रूप से अपलोड करना;
  - आवश्यकतानुसार विभिन्न जातीय भाषाओं में सेवा की जानकारी और पत्रक अपडेट करना; और
  - आवश्यकतानुसार विभिन्न जाति भाषाओं में नए सेवा पत्रक तैयार करना और SWD होमपेज पर अपलोड करना।

<u>विभिन्न जातियों के लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से बनाई गई सेवायें</u>

- SWD विशेष रूप से विभिन्न जातियों के लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सेवायें प्रदान करना जारी रखेगा, उदाहरण के लिए, EM जिला राजदूत पर पायलट योजना।

## B. SWD, NGO और अनुबंध सेवा इकाईयों के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण

**संबंधित सेवायें**

- जहाँ तक नस्लीय समानता का संबंध है, SWD / NGOs / अनुबंध सेवा इकाईयों के कर्मियों की जागरूकता, समझ और संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिए।

**वर्तमान उपाय**

- SWD ये काम करना जारी रखेगा –
  - नस्लीय भेदभाव अध्यादेश (RDO) और संबंधित दिशा-निर्देशों पर SWD कर्मियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करना;
  - SWD कर्मियों और NGO की आसान पहुँच के लिए ई-लर्निंग सेंटर पर SWD कर्मियों और प्रशिक्षण सामग्री के संदर्भ के लिए SWD इंट्रानेट पर प्रासंगिक दिशानिर्देश अपलोड करना;
  - विभिन्न जातियों के लोगों की संस्कृति, जीवन शैली और सेवा आवश्यकताओं के बारे में उनके ज्ञान और संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिए SWD, गैर सरकारी संगठनों और अनुबंध सेवा इकाईयों के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना; और
  - सिविल सेवा प्रशिक्षण और विकास संस्थान, समान अवसर आयोग या संबंधित निकायों द्वारा आयोजित RDO और संबंधित दिशानिर्देशों, नस्लीय संवेदनशीलता और सांस्कृतिक विविधता पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए SWD कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना।

**भविष्य के काम का मूल्यांकन**

- SWD ये काम करना जारी रखेगा –
  - वार्षिक आधार पर आयोजित संबंधित प्रशिक्षण गतिविधियों की संख्या, और प्रतिभागियों की संख्या के साथ-साथ ग्रेड / रैंक पर आँकड़े एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना;
  - आयोजित प्रशिक्षण गतिविधियों पर प्रतिभागियों से प्रतिक्रिया एकत्र करना; और
  - कर्मचारियों से सुझाव माँगना कि कौन से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किए जाने चाहिए।

## जनता के प्रश्न

नस्लीय समानता को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा और नियोजित उपायों के बारे में पूछताछ के लिए, कृपया निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से अधिकारियों से संपर्क करें,

1) Miss Carol SHEK, Social Work Officer (सोशल वर्क अफ़सर) (Corporate Co-ordination) कॉर्पोरेट योजना और प्रबंधन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| टेलीफोन नंबर | : | 2152 9305 |
| फैक्स नंबर | : | 2116 9070 |
| ईमेल | : | cpcsenq@swd.gov.hk |
| पत्रव्यवहार हेतु पता | : | 8/F, Wu Chung House, 213 Queen's Road East, Wan Chai, Hong Kong |

2) Ms Cathy TANG, Social Work Officer (सोशल वर्क अफ़सर) (परिवर) 6 परिवार सेवा सेक्शन

| | | |
|---|---|---|
| टेलीफोन नंबर | : | 2892 5179 |
| फैक्स नंबर | : | 2833 5840 |
| ईमेल | : | fcwenq@swd.gov.hk |
| पत्रव्यवहार हेतु पता पता | : | 8/F, Wu Chung House, 213 Queen's Road East, Wan Chai, Hong Kong |

**समाज कल्याण विभाग**
**मई 2023**